>

Title: Regarding requirement of an intercity train between Surat and Bhavnagar cities in Gujarat.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर) : धन्यवाद सर, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया । सबसे पहले मैं अपने माननीय प्रधान मंत्री जी नरेन्द्र भाई मोदी साहब और हमारी नई सरकार को अभिनन्दन देना चाहती हूँ …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: मैं सबको मौका देता हूँ ।

…(व्यवधान)

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल : माननीय अध्यक्ष जी, इस पवित्र सदन से मैं मेरे संसदीय क्षेत्र भावनगर और बोटाद की जनता-जनार्दन को भी यहां से नमन करती हूँ, जिसने दूसरी बार आशिर्वाद देकर मुझे इस सदन में पहुंचाया है । सर, मैं भावनगर से आती हूँ । भावनगर और सूरत दोनों डायमण्ड सिटी है । दोनों व्यावसायिक तौर से व आर्थिक, सामाजिक तरीके से इतने जुड़े हुए है, जैसे कि ट्विन सिटी हैं, उनका व्यवहार भी ट्विन सिटी जैसा है । हजारों की संख्या में लोग रोजाना भावनगर से सूरत आते-जाते रहते हैं । 600 से ज्यादा प्राइवेट बसें भावनगर से सूरत आती- जाती रहती है । हेवी ट्रेफिक जाम बना रहता है । कई बार गंभीर दुर्घटनाओं की वजह से हमने अमूल्य मानव जिंदगियां भी गवां दी है । सर, मैं पहले भी बार-बार यह मांग करती रही हूँ कि भावनगर से सूरत एक इन्टरसिटी ट्रेन चलाई जाए । मैं आपके माध्यम से फिर से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह पूर्वक निवेदन करती हूँ कि भावनगर से सूरत एक इन्टरसिटी ट्रेन चलाई जाए और भावनगर और बोटाद के विकास के द्वारा खोले जाए ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री नारणभाई काछड़िया, श्रीमती रंजनबेन भट्ट और श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश को श्रीमती भारतीबेन डी.

श्याल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है
।